




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 96 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 14 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया







## ठग 5जी तो पुलिस 3जी

### अभी भी कई जगह फैल हो रहा सायबर, पुलिस को भा रहा बीएसएनएल का नेटवर्क



**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** देशभर में 5जी टेक्नोलाजी का इस्तेमाल कर साइबर अपराधी लाखों की ठगी और हैकिंग कर रहे हैं। लेकिन, उन्हें पकड़ने और अपने मातहतों तक सूचना पहुंचाने के लिए पुलिस जवानों को सीयूजी सिम कार्ड में 3जी नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। यही नहीं मंदसौर जिले की कई चौकियों और गांव में बीएसएनएल का नेटवर्क नहीं मिलता। यह स्थिति प्रदेशभर में कई जगहों पर है।

बता दे कि 2009 में पुलिस ने बीएसएनएल के नंबर अफसरों (एसआई तक) को दिए थे। इसके बाद 2014 से करीब हर पुलिसकर्मी को एक-एक सीयूजी सिम दिया गया। मकसद था थाना स्टाफ भले बदलता रहे, पर उस पद के अधिकारी-कर्मचारी का नंबर नहीं बदलना चाहिए। ज्यादा दिक्कत तब आती है, जब बड़ी फाइल जल्दी संबंधित अफसर या कर्मचारी को भेजनी हो। लेकिन, 2जी-3जी नेटवर्क होने के कारण डेटा ट्रांसफर नहीं हो पाता।

इधर पुलिस की टेलीकॉम का शाखा का कहना है कि जल्द ही 4जी नेटवर्क मिलेगा। लेकिन, हो सकता है तब तक आमजन को 6जी नेटवर्क मिलने लगे। ऐसे में पुलिस फिर भी ठगो की टेक्नोलॉजी के पीछे ही रहेगी।

#### 70 रुपए प्रति सिमकार्ड...

अभी 79 रूपए प्रतिमाह हर सिमकार्ड के हिसाब से दर तय है। प्रदेश की बात करें तो इसके एवज में हर महीने पुलिस की दूरसंचार शाखा बीएसएनएल को 58 लाख रुपए अदा करती है। लेकिन, दिक्कत यह है कि बीएसएनएल इसमें 2जी-3जी नेटवर्क ही देता है। नियम यह है कि सीयूजी सिमकार्ड वाले फोन से ही पुलिसकर्मी को सरकारी दस्तावेज आगे बढ़ाना है।

#### साइबर फ्रॉड की लगातार मिल रही शिकायतें...

मंदसौर में सायबर फ्राड की घटनाएं बढ़ी है। इसके अलावा प्रदेश में भी यहीं स्थिति है। साल में राज्य सायबर पुलिस के पास सायबर फ्रॉड से जुड़ी 5 हजार से ज्यादा शिकायतें पहुंची हैं। पुलिस केवल 1 लाख से ज्यादा के सायबर फ्रॉड की जांच करती है। इसमें कम रकम ठगे जाने का मामला जिला पुलिस को भेज दिया जाता है। तीन साल के विश्लेषण में सामने आया कि जालसाज अब तक करीब 97 करोड़ रुपए के सायबर फ्रॉड कर चुके हैं।

#### इनका कहना...

बीएसएनएल ने कहा है कि सिमकार्ड पर जल्द 4जी नेटवर्क देंगे।

**प्रशांत खरे, डीआईजी/ एसएसपी पुलिस टेलीकॉम**

## भाजपा का मिशन 2024...

### हितग्राहियों से संपर्क करेंगे विधायक, सांसद व जनप्रतिनिधि

**भोपाल, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा ने मिशन-2024 की तैयारी के लिए केंद्र की योजनाओं के हितग्राहियों से सीधे संपर्क की योजना बनाई है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, मुद्रा योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों की लोकसभावार सूची के आधार पर क्षेत्र के सांसद-विधायक और निकाय, जनपद व जिला पंचायत के सदस्य सहित सभी जनप्रतिनिधि इनसे प्रत्यक्ष संपर्क साधेंगे।

पार्टी की तैयारी यह भी है कि इन हितग्राहियों को ही बूथ स्तर पर तैनात किया जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी नमो एप के जरिये हितग्राहियों से बात कर सकते हैं। पार्टी की तैयारी है कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी भले घोषित न हों। लेकिन, जनवरी अंत तक हर संसदीय क्षेत्र में चुनाव कार्यालय प्रारंभ कर दिए जाने चाहिए। हर लोकसभा क्षेत्र में एक लोकसभा चुनाव प्रभारी संगठन की ओर से तैनात किया जाएगा।

इसके अलावा भाजपा सरकार के एक मंत्री को भी लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। पार्टी नेताओं के मुताबिक पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम अनुकूल आने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। लेकिन, अब इस जीत की खुमारी से निकलकर लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करनी है। मार्च में आचार संहिता लगने की संभावना है। इसे देखते हुए भाजपा की कोशिश है कि चुनाव प्रबंधन से जुड़ी तैयारियां जल्द शुरू कर मार्च से पहले पूरी कर ली जाएं। इसके अलावा पार्टी लोकसभा चुनाव से पहले चलाए जाने वाले अभियान भी इसी महीने शुरू करने के प्रयास में है।

हर लोकसभा सीट पर संगठन की ओर से एक नेता और सरकार बनने वाले प्रदेश में एक मंत्री को चुनाव प्रभारी बनाया जाएगा। मध्यप्रदेश में पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी के हिसाब से केंद्र की योजनाओं के हितग्राहियों की सूची बनाने का काम लगभग पूरा कर लिया है।

#### छिंदवाड़ा की अलग से तैयारी...

सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के गढ़ छिंदवाड़ा सीट पर जीत हासिल करने के लिए पार्टी ने पहले से ही दिग्गज नेताओं को तैनात कर रखा है। गृह मंत्री अमित शाह की टीम इन क्षेत्रों पर लगातार नजर रख रही है। टीम कई बार क्षेत्र का दौरा भी कर चुकी है।

#### आचार संहिता के पहले होंगी बड़ी घोषणाएं...

सूत्रों के ही मुताबिक मार्च 2024 में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने की संभावना है। पार्टी इससे पहले मतदाताओं के लिए कुछ बड़ी घोषणाएं कर सकती है।

#### इनका कहना...

मध्य प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार के लाभार्थी बड़ी संख्या में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शत प्रतिशत पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो, इसका प्रयास विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से भी हुआ है। हम सामूहिक तौर पर सम्मेलन और घर-घर संपर्क की तैयारी कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव में लाभार्थियों ने बड़ी संख्या में हमें आशीर्वाद दिया है। लोकसभा चुनाव में भी उनका आशीर्वाद प्रधानमंत्री मोदी के लिए प्राप्त होगा।

**रजनीश अग्रवाल**
**प्रदेश मंत्री, भाजपा।**

## मजदूरी के लिए घर से निकले युवक की लाश कुएं से मिली

**मनासा, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। मनासा थाना क्षेत्र के गांव धामनिया में शनिवार को उस समय समसानी फैल गई जब गांव के समीप कुंए से एक 40 वर्षीय व्यक्ति की कुएं से लाश मिली। जानकारी के अनुसार धामनिया निवासी मांगीलाल पिता बगदीराम रावत मीणा शुक्रवार सुबह से ही खेत पर मजदूरी के लिए गया था। इस दौरान वह पूरे दिन और रात घर पर नहीं लौटा।**

परिजनों ने इस दौरान उसकी काफी तलाश की, आसपास के इलाकों और कुओं में भी देखा। वहीं शनिवार सुबह परिजनों को गांव के ही समीप एक खेत पर बने कुए में बगदीराम की चप्पल और पर्स कुंए में तैरता हुआ दिखाई दिया। जिस पर उसके कुएं में डूबने की आशंका परिजनों को हुई और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची मनासा पुलिस की मौजूदगी में शव को ग्रामीणों की मदद से निकाला गया। जिससे मनासा के शासकीय चिकित्सालय में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। जहां परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। प्रारंभिक तौर पर अनुमान लगाया जा रहा है कि मौत असंतुलित होकर कुएं में गिरने की वजह से हुई होगी। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा होगा। वहीं मामले की जांच में मनासा थाना पुलिस जुटी हुई है।

### प्रदेश के अनेक जिलों सहित मंदसौर को लेकर गृह विभाग ने जारी किए निर्देश...

## कानून व्यवस्था के लिए तय की गाइडलाइन

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री अयोध्या धाम में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर मंदसौर अभी से ही राममय हो गया है। यह दिन मंदसौर में दीपोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उस दिन आतिशबाजी सहित कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसको लेकर मप्र के गृह विभाग ने कलेक्टर और पुलिस विभाग को निर्देश जारी किए है।

दरअसल 22 जनवरी के मौके पर मध्यप्रदेश भी राममय नजर आएगा। प्रदेश के लाखों मंदिरों में एक साथ भंडारे, दीपोत्सव और भजन-कीर्तन होगा। मंदिरों में शनिवार से ही तैयारी की जाएगी। सत्ता-संगठन के स्तर पर तैयारियां होंगी। गृह विभाग के एसीएस डॉ. राजेश राजौरा ने सभी जिलों के कलेक्टर्स को आदेश दे दिए हैं। कानून व्यवस्था के नजरिए से पुलिस बल को भी गाइडलाइन भेजी गई है।

सरकार के स्तर पर पहली बार इस तरह मंदिरों में कार्यक्रम हो रहा है। इससे पहले कभी इस तरह एक साथ लाखों भंडारे, दीये जलाने और रामलीला के कार्यक्रम नहीं हुए। अप्रेल-मई में लोकसभा चुनाव हैं। इस कारण सियासी मायने भी हैं।

बताया गया है कि प्रदेश के रतलाम, मंदसौर, उज्जैन, इंदौर, खंडवा, आगर-मालवा, देवास, सीहोर, छिंदवाड़ा, जबलपुर, अनूपपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, रीवा एवं दमोह में संस्कृति विभाग विशेष आयोजन कराएगा।

#### यह है गाइडलाइन...

- ✻ 16 से 22 जनवरी तक मंदिरों में राम नाम कीर्तन।
- ✻ दीप-प्रज्वलन, घरों में दीपोत्सव।
- ✻ मुख्य मंदिरों में स्क्रीन लगाकर प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसारण।
- ✻ लोगों को मंदिरों में बुलाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम।
- ✻ ट्रस्ट, समिति व जनता मिलकर 22 जनवरी को भंडारा करें।

#### हाय..हैलो नहीं अब राम-राम...

जैसे - जैसे अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की तारीख करीब आती जा रही है, वैसे - वैसे युवाओं की जीवनशैली में भी बड़ा बदलाव शहर से लेकर अंचल तक देखने को मिल रहा है। रामलाल भले ही अयोध्या में विराजेंगे, लेकिन आमजन के जीवन में अब आपस में मिलने पर होने वाले संबोधन का तरीका बदल गया है। पहले जहां हाय..हैलो होता था, अब राम - राम सा..की आवाज सुनाई देती है। शहर से लेकर अंचल तक केसरिया धर्मध्वजा की मांग बढ़ गई है। 10 रुपए से लेकर 400 रुपए तक वाले झंडे, स्टीकर, टोपी आदि की मांग युवाओं में अधिक है।

## हरनेश्वर महादेव मंदिर की दानपेटी उठा ले गए बदमाश

**सुवासरा, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के ग्राम घसोई स्थित श्री हरनेश्वर महादेव मंदिर पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात्रि में अज्ञात बदमाश दान पात्र उठाकर ले गए। मंदिर समिति के मुताबिक दान पात्र में करीब 20 हजार रुपए की नगद राशि थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद रूनीजा पुलिस चौकी पर चोरी की घटना की समिति द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। जिसके बाद चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने मंदिर परिसर का मुआयना किया।



चौकी प्रभारी ने बताया की मंदिर समिति ने चोरी की घटना का आवेदन दिया। जिसमे लगभग 20 हजार रूपए नगदी चोरी होने की बात कही गई है। पुलिस जांच कर रही है, दो संदिग्धों को पूछताछ के लिए चौकी पर लाया गया है। शीघ्र ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी इस मंदिर पर कई बार दान पात्र चोरी की घटना हो चुकी है। किन्तु, पुलिस को अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

### अलग-अलग स्थानों से दो बाईक चोरी

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाइक चोरी होने के मामले रूकने का नाम नहीं ले रहे है। शनिवार को एक बार पुनः दो बाईक चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

भावगढ़ पुलिस के अनुसार मामला ग्राम बेहपुर का है। पद्मा पति मुकेश कुमावत ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि बाइक क्रमांक आरजे-35-एसपी-6041 को घर के बाहर से अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। इधर भानपुरा पुलिस के अनुसार कंवला रोड़ कांवली फंटे के पास से मोहसिन पिता चांद मोहम्मद निवासी नियारगर मोहल्ला भानपुरा की बाइक क्रमांक एमपी14 एमजेड 7781 को अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। दोनो मामलो में सबंधित थाना पुलिस ने जांच शुरू की है।



**आने लगे फूल-** इन दिनो अफीम की फसल अपने यौवन पर है। पौधो पर फूल आने लगे है। यही पौधे आगे जाकर डोडे का रूप लेंगे। जिसमें से खसखस निकलेगा और डोडो पर चीरा लगाकर अफीम निकाली जाएगी।

## सुबह से धूप, शाम से ठंडी हवाएं, दोपहर व रात्रि का तापमान बढ़ा

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** लंबे समय तक कोहरा और बादलों के छाए रहने के बाद शुक्रवार से मौसम पूरी तरह खुल गया। शनिवार को भी अच्छी धूप खिली। मौसम साफ होने के बाद दिन और रात के तापमान में 2-3 डिग्री तक का उछाल आया है। न्यूनतम तापमान 13 डिग्री और अधिकतम तापमान 23 डिग्री के आसपास बना हुआ है। हालांकि सर्द हवाओं से ठिठुरन बनी हुई है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मौजूदा सिस्टम 16 जनवरी से एक्टिव हो रहा है। ऐसे में अगले एक सप्ताह तक तेज ठंड नहीं रहेगी। बारिश की संभावना भी नहीं है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिन से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से प्रदेश में घना कोहरा छा रहा है। अभी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस अफगान-ईरान के आसपास है। हवाओं का रुख भी बदला हुआ है। राजस्थान के आसपास प्रति चक्रवात की एक्टिविटी है। इन वजहों से अगले 3 से 4 दिन हल्का कोहरा रह सकता है। 16 जनवरी से एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने का अनुमान है। इससे रात का तापमान ज्यादा नहीं लुढ़केगा।

### दो पक्षों में विवाद, 6 पर क्रास प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दो पक्षों के 6 आरोपियों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज किया। केनपुरिया निवासी सज्ञनसिंह गरासिया ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बहन को ससुराल नही भेजने के कारण विवाद चल रहा था। हमें बातचीत के लिए झारड़ा बुलाया, वहां प्रहलाद पिता गोवर्धन राठौर, रामा पिता परथी कछावा व जेनू उर्फ जीवन पिता रमेश राठौर ने गाली-गलौज की व मारपीट की व पत्थर फेंके, जिससे चोंट आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया। इसी तरह सोनू पिता जगदीश राठौर निवासी शिवपुरिया (कुकडेश्वर) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरी शादी दीपसिंह गरासिया निवासी केनपुरिया की लड़की कृष्णा.... शेष पेज 4 पर



**लगातार हो रही चोरी की वारदात-** यशोधर्मन नगर थाना क्षेत्र में कृषि उपज मंडी के पास स्थित राजकमल कालोनी में आए दिन चोरी की वारदात हो रही है। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात में मशीनरी निर्माता की दुकान पर अज्ञात बदमाशो ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मामले में पुलिस जांच जारी है।

## मतदाताओं ने कांग्रेस का विधायक चुनकर शहर का नुकसान कर लिया...

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बीते साल जितने भी राज्यों में चुनाव हो चुके हैं, उनके नतीजे के बाद जहां-जहां भाजपा की या समर्थन की सरकारें बनी है। उन राज्यों के लिए केंद्र सरकार का रुख पूरी तरह से सहयोगात्मक है। जबकि, विपक्षी दलों की सरकारों के प्रति असहयोगात्मक नजर आ रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार के शीर्ष भाजपा नेता और उनकी राजनीति से लेकर सरकार की नीतियों में विपक्षियों के लिए स्पष्टरूप से अलग या कह सकते हैं कि विपरीत मापदंड अपनाए जाते हैं। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार बनी है, वहां विपक्ष के विधायकों के साथ भेदभाव की नीति अपनाई जा सकती है। ऐसे में क्या यह माना जा सकता है कि जिस विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस या अन्य दलों के विधायक चुने गए हैं वे अपने क्षेत्र में अपने मन और विजन से विकास नहीं कर पाएंगे।

ऐसा सोचने की स्वतंत्रता आम जनमत के पास है और करने की बाध्यता सरकार में आहुत है। देशभर का राजनीतिक वातावरण इस मुद्दे को आकार लेता देख रहा है। क्योंकि वित्तीय संकट केंद्र सरकार और देश के सभी राज्यों के सामने विकराल होता जा रहा है। जिन राज्यों में भाजपा की अपनी सरकार है या बन चुकी है, उन्ही में शत प्रतिशत घोषणाओं को लागू नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में विपक्षी विधायकों की मांगों को तरजीह कैसे मिल पाएगी। मध्य प्रदेश में मार्च के बाद से प्रत्येक व्यक्ति पर 50 हजार रूपए का कर्ज हो जाएगा। राज्य को चलाने के लिए प्रदेश सरकार 385 हजार करोड़ रूपया मार्च तक तीन किश्तों में ले रही है। ऐसा सिर्फ मध्य प्रदेश ही नहीं कर रहा है। देश के सभी राज्य केंद्र शासित सहित मिलकर चार लाख 13 हजार करोड़ रूपया इसी वित्तीय वर्ष में लेने जा रहे हैं।



चन्द्रमोहन भगत

याने सरकार प्रतिदिन 316 करोड़ रूपया कर्ज 31 मार्च तक उठाएगा। शिवराज सहित वर्तमान तक के कर्ज पर 24 हजार करोड़ रूपया ब्याज पर खर्च होगा। इसी कारण जानकारो ने अभी से दावा शुरू कर दिया है कि आम जनता ने जितनी लूभावनी घोषणाओं को सुनकर मतदान किया था, उनके लिए 2024-25 का बजट भारी परेशानियों लेकर आने वाला है।

इसी साल आम चुनाव होना है। संभव है कि इस कारण अभी अंतर राहत बजट से काम चलाना पड़े पर अंततः टैक्स पेयर को तो वित्तीय भार सहना ही पड़ेगा। इस तरह की राष्ट्रीय वित्तीय स्थिति के कारण ही यह माना जा रहा है कि जिन विधानसभा में कांग्रेसी विधायक जीते हैं। उनको क्षेत्र के विकास के लिए राशि मिलना तो मुश्किल होगा ही जो पहले से स्वीकृत योजना है उन पर भी संकट गहरा जाएगा। केंद्र की वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली में इस बात के कई उदाहरण है। जिसमें राजनीति की झलक से ज्यादा भाजपा की नीतियां नजर आती है। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस ने प्रति परिवार 5 किलो चावल फ्री देने का वादा किया था। सरकार बनते ही केंद्रीय खाद्य विभाग से लेकर एफसीआई तक पत्राचार भी किया गया था। कर्नाटक सरकार भुगतान की तैयारी कर चुकी थी कि एफसीआई ने पर्याप्त भंडार के बाद भी चावल देने से मना कर दिया था। बाद में कर्नाटक सरकार ने हितग्राहियों को चावल की कीमत को नगद भुगतान में देकर वायदा निभाया।

राजस्थान में अपनी सरकार बनने के बाद अशोक गहलोत सरकार की चिरंजीवी योजना में संशोधन की तैयारी हो चुकी है। और पांच सौ के सिलेंडर को भी महंगा किया जाना तय है। भाजपा शासित राज्यों की सरकारों की मजबूरी है, एनडीए की नीतियों को मानना। फिर चाहे विपक्षियों को मिलने वाली सुविधा में कटौती करना, उनके क्षेत्र के विकास कार्यों कों रोकना हो। यही कारण है कि महाराष्ट्र के भाजपाइयों को केंद्रीय नेतृत्व का 1400 करोड़ रूपए संपत्ति जप्त करने वाले अजीत पवार को उपमुख्यमंत्री बनाने का निर्णय भी स्वीकारना पड़ा है। ऐसे राजनीतिक विरोधाभासी वातावरण में यही माना जा रहा है कि मंदसौर में कांग्रेस से बने विधायक विपिन जैन अपनी पूरी विधायक निधि पांच सालों में ले पाएंगे। इसी में संदेह है तो नई योजनाओं के विकास के लिए राशि मिलने की कल्पना करना तो जुमला साबित होगा!

विचार-मंथन

# असली शिवसेना पर रार खत्म, लेकिन दरार कायम



महाराष्ट्र में शिवसेना के बागी विधायकों की योग्यता के मसले पर पिछले काफी समय से चल रहा जद्दोजहद तकनीकी रूप से आखिर अपने अंजाम तक पहुंच गया लगता है। राज्य विधानसभा के अध्यक्ष ने समूचे मामले में बारह सौ पन्नों में दर्ज ब्योरे के आधार पर जो फैसला सुनाया, वह महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से एक अहम प्रभाव रखने वाली शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ। हालांकि इस फैसले के आने से पहले तक दोनों पक्षों के बीच एक कशमकश बनी हुई थी, इसके बावजूद एकनाथ शिंदे का समूह संख्या बल अपने साथ होने के आधार पर अपने हक में फैसला आने को लेकर एक तरह से आश्वस्त था। वहीं उद्धव ठाकरे गुट के बीच एक आखिरी उम्मीद थी कि शायद विधानसभा अध्यक्ष की राय उनके पक्ष की दलीलों पर आधारित होगी। मगर विधानसभा अध्यक्ष ने उद्धव गुट की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें शिवसेना से बगावत करने वाले सोलह विधायकों की योग्यता को रद्द करने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अब जो फैसला सामने आया है, उसके मुताबिक 21 जून, 2022 को जब पार्टी दो समूह में बंटी, तब उसके बाद और चुनाव आयोग के रिकार्ड में भी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट ही वास्तविक शिवसेना था। जाहिर है, इस फैसले के बाद उद्धव ठाकरे और उनके समूह को घोर निराशा हुई है, जो यह मान कर चल रहे थे कि कानूनी प्रक्रिया में जाने के बाद उनके गुट को ही वास्तविक शिवसेना के रूप में मान्यता मिलेगी। मगर विधानसभा अध्यक्ष ने पार्टी पर शिंदे गुट का हक होने के पक्ष में शिवसेना के ही उस संविधान का उल्लेख किया, जो 1999 में तैयार किया गया था। उसके अनुसार चुनाव आयोग में पार्टी का 1999 का ही संविधान सौंपा गया था, इसलिए फैसले का आधार भी वही होगा। जबकि शिवसेना के संविधान में 2018 किए गए संशोधन के मुताबिक पार्टी प्रमुख का फैसला ही पार्टी का फैसला होगा। जाहिर है, इस पुराने संविधान में की गई व्यवस्था की कसौटी पर उद्धव ठाकरे गुट का पक्ष कमजोर साबित हुआ और यही शिंदे समूह के लिए मददगार बना। इसी बुनियाद पर विधानसभा अध्यक्ष ने यह व्यवस्था दी कि एकनाथ शिंदे को पार्टी से निकालने का अधिकार उद्धव ठाकरे को नहीं है। स्वाभाविक ही इस फैसले से शिंदे गुट के जिन सोलह विधायकों पर अयोग्यता की तलवार लटकी हुई थी, उन्हें बड़ी राहत मिली है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर निर्णय के लिए विधानसभा अध्यक्ष को ही उचित प्राधिकार बताया था और दस जनवरी तक का वक्त निर्धारित किया गया था। मगर अब विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के बाद उद्धव ठाकरे के गुट की ओर से यह कहा गया है कि फैसला उम्मीद के उलट है, इसलिए इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाएगी। यानी एक बार फिर यह मामला शीर्ष अदालत के कठघरे में जा सकता है। जो हो, फिलहाल जो तस्वीर सामने आई है, उससे यही लगता है कि अब उद्धव ठाकरे के समूह के सामने अपना नया राजनीतिक अस्तित्व खड़ा करने की जरूरत पड़ेगी। अगर ऐसा होता है तो महाराष्ट्र के मौजूदा राजनीतिक समीकरण में नई तस्वीर भी उभर सकती है। राज्य की राजनीति में लंबे समय से शिवसेना का प्रभाव अलग-अलग रूप में कायम रहा है। अब दो समूहों में बंटने के बाद और राज्य में मुख्य रूप से भाजपा के समांतर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के धड़ों के बीच सिमटी शक्ति के साथ शिवसेना की राज्य की राजनीतिक दिशा को तय करने में कितनी और क्या भूमिका होगी, यह देखने की बात होगी।

# संवेदनहीनता की हद: अबोध बेटे की हत्यारिन मां

**संजय तिवारी**

बंगाली मूल की सूचना सेठ इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई करनेवाली महिला हैं। भारत ही नहीं उन्होंने हार्वर्ड जाकर सूचना तकनीकी की पढ़ाई की है। उनको आर्टिफिशल इंटेलिजेन्स की दुनिया के 100 सबसे ताकतवर महिला चेहरों में गिना जाता है। आर्टिफिशिएल इंटेलिजेन्स को लेकर ही उन्होंने एक कंपनी भी बना रखी है जिसका नाम है +माइंडफुल एआई लैब।+ उनकी एआई एथिक्स एण्ड एडवाइजरी में विशेषज्ञता है। लेकिन एआई की नैतिकता पर ज्ञान देनेवाली सूचना सेठ ने अपने जीवन की नैतिकता का कोई पाठ शायद नहीं पढ़ा और न समझा। जैसी खबरें आ रही हैं उसके मुताबिक 6 जनवरी को सूचना सेठ गोवा के सोल बेनयन ग्रैंड होटल में अपने चार साल के बेटे के साथ आई थी। इसके बाद उसने सोमवार यानी 8 जनवरी को होटल से चेक-आउट किया था। सूचना सेठ होटल में चेक इन के वक्त अपने बच्चे के साथ आती दिख रही थी लेकिन 8 जनवरी को सूचना को अपने बेटे के बिना बाहर निकलते हुए देखा गया। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई और सूचना की तलाश तेज की। होटल के कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि जब सूचना ने बंगलूरू लौटने के लिए टैक्सी बुलाने के लिए कहा, तो उन्हें समझाया गया कि विमान से जाना ज्यादा सस्ता और सुविधाजनक रहेगा, लेकिन उन्होंने सड़क से यात्रा करने पर जोर दिया। इस पर होटल ने एक स्थानीय टैक्सी की व्यवस्था कर दी। होटल स्टाफ ने जब यह पुलिस को बताया तो पुलिस का शक और पुख्ता हो गया। इसके बाद पुलिस ने टैक्सी ड्राइवर का पता लगाकर फोन किया और उसे महिला को फोन देने के लिए कहा जो उस समय गाड़ी में साथ थी। अपने बेटे के बारे में पूछे जाने पर उसने बताया कि उसने उसे एक दोस्त के घर पर छोड़ दिया है। जब पुलिस द्वारा उस दोस्त का पता बताने के लिए कहा गया तो उसने गलत जानकारी दी जिससे पुलिस का शक और गहरा हो गया। इसके बाद पुलिस ने टैक्सी ड्राइवर से दोबारा बात की और कहा कि वह अपनी गाड़ी किसी नजदीक के पुलिस स्टेशन में लेकर चला जाए और सूचना सेठ को इसकी भनक न लगे। सूचना सेठ को भनक लगे बिना ही ड्राइवर कार को चित्रदुर्ग जिले के ऐमंगला पुलिस स्टेशन की ओर ले गया। जब उसकी जांच की गई तो बैग में बच्चे का शव मिला। इसके बाद उसे पकड़ लिया गया। फिलहाल अदालत ने अपने ही अबोध बेटे की हत्या के आरोप में सूचना को 6 दिन के लिए पुलिस रिमांड पर दे दिया है। महिला द्वारा अपने बेटे की हत्या के पीछे की जो वजह बताई जा रही है वह यह कि महिला नहीं चाहती थी कि बच्चे का पिता हर हफ्ते बच्चे से मिलने के लिए आये। असल में बंगाल की सूचना सेठ ने 2010 में केरल के वेंकट रमन से शादी कर ली थी। उस समय दोनों बंगलौर में रहते थे और दोनों ही तकनीकि जगत के प्रोफेनशल थे इसलिए एक दूसरे से मेल मुलाकात के



बाद उन्होंने प्रेम विवाह करने का फैसला कर लिया। विवाह के करीब 9 साल बाद 2019 में दोनों के बेटे का जन्म हुआ। बच्चे के जन्म के बाद कुछ दिन तो दोनों के बीच सब कुछ ठीक था लेकिन फिर उनके बीच विवाद शुरू हो गए। इसके बाद दोनों तलाक के लिए अदालत पहुंच गये। अदालत ने हर रविवार को पिता वेंकट को बच्चे से मिलने देने की शर्त पर तलाक मंजूर कर लिया। लेकिन सूचना सेठ को वेंकट रमन से इतनी नफरत हो चुकी थी कि वह नहीं चाहती थी कि उसका पति अपने बेटे से मिले, इसलिए उसने अपने बेटे को ही मार डालने की साजिश रच डाली। यह उसकी नफरत और अहंकार की इंतहा थी कि उसने तकिये से उसके मुंह को दबाकर अपने ही मासूम बच्चे की सांसों की डोर हमेशा के लिए काट दी। गोवा पुलिस की जांच में यह भी पता चला है कि सूचना सेठ ने बच्चे की हत्या के बाद आत्महत्या करने की कोशिश भी की थी। पुलिस को होटल के सर्विस अपार्टमेन्ट से जो खून के धब्बे मिले हैं, कथित तौर पर वो सूचना सेठ के ही हैं। उसने अपनी नस काटकर अपनी जान देने की कोशिश भी की, लेकिन वह बच गयी। सवाल यह है कि कथित तौर पर एक पढ़ी लिखी महिला ने इतना जघन्य और पापपूर्ण कदम भला कैसे उठा लिया? अगर इस घटना का विश्लेषण करें तो समझ में आता है कि बेमेल विवाह कलह का कारण बनते हैं और जिसके परिणामस्वरूप कभी कभी ऐसी दर्दनाक घटनाएं घटित हो जाती हैं जिन्हें शब्दों में बयान करना भी कठिन हो जाता है। आखिर क्या कारण हुआ होगा कि जिस वेंकटरमन से उसने प्रेम विवाह किया उसी से इतनी नफरत हो गयी कि अपने अबोध बच्चे को ही खत्म कर दिया? विवाह का आधार सिर्फ दो लोगों का प्रेम नहीं हो सकता। स्त्री पुरुष के बीच प्रेम एक अस्थाई और परिवर्तनीय अवस्था है। इसलिए दो नौजवान सिर्फ प्रेम के बल पर समाज, धर्म, भाषा, क्षेत्र हर सीमा लांघकर विवाह कर लें तो घर में कलह या खटपट होना स्वाभाविक होता है। मुश्किल यह होती है कि ऐसे मामलों में बीच बचाव करनेवाला कोई नहीं होता, न ही किसी प्रकार का सामाजिक दबाव या प्रभाव होता है। ऐसे में प्रेम विवाह कई बार कलह विवाह बन जाते हैं जिसकी परिणिति गोवा जैसी जघन्य और अविश्वसनीय घटना के रूप में सामने आती है। ऐसा भी नहीं है कि सूचना सेठ ने जो किया उसके पहले किसी ने नहीं किया। समाज में ऐसी घटनाएं दिखती हैं जब परिवार या पति से झगड़े के कारण महिलाएं बच्चे सहित अपने आप को ही खत्म कर लेती हैं। कुछ ऐसा ही काम सूचना सेठ ने भी करने का प्रयास किया लेकिन अन्य महिलाओं से सूचना सेठ का मामला इसलिए अलग है क्योंकि उसने आधुनिक पढ़ाई कर रखी थी। वह एक प्रोफेशनल महिला थी फिर अनपढ़ महिलाओं की तरह का व्यवहार उसने क्यों किया? यहां यह भी समझ में आता है कि स्कूली पढ़ाई से हमारे मूल स्वभाव में कोई बहुत बदलाव नहीं आता है। एक पुरुष हो या स्त्री निजी जीवन की समस्याओं को लेकर वह कमोबेश एक जैसा ही सोचते हैं। बल्कि कैरियर की बजाय जीवन को महत्व देने वाले लोग मुश्किल के वक्त में अधिक व्यावहारिक रास्ते निकाल सकने में सक्षम होते हैं। कम से कम इस हत्याकांड को देखकर तो ऐसा ही लगता है जिसने पूरे देश को सकते में डाल दिया है।

# दोष निकालना आसान है, उसे ठीक करना मुश्किल

**सीमा श्रोत्रिय**

लगता है दुनिया में दोष-दर्शन की नकारात्मक प्रवृत्ति शायद सृष्टि के आरंभ से ही है। इसलिए काफी लोग सकारात्मक दृष्टि से कम विचार करते हैं। अवसर मिलते ही नकारात्मक नजरिया से दूसरों के गुण की बजाय दोष देखने में ज्यादा रुचि दिखाते हैं। यही प्रवृत्ति इंसान में सद्गुणों का विकास नहीं होने देती। इसे छिद्रान्वेषण कहते हैं। दिलचस्प यह भी है कि खुद ऐसे लोग गंभीर दोष को भी सफाई के साथ छिपा लेते हैं और खुद के बजाय दूसरों की समीक्षा करते हैं। यह आदत न केवल खुद के लिए, बल्कि समाज की भी परेशानी का कारण है, जिससे आसपास प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका प्रतिकूल असर उनकी मनोदशा पर पड़ता है, जो समाज और देश की सेवा कर जीवनयापन करने के इच्छुक हैं। जो लोग अपने काम में व्यस्त रहते हैं, वे ज्यादा खुश रहते हैं और उनके पास बेकार की बातों के लिए समय नहीं रहता। कुएं का पानी सब फसलों को एक समान मिलता है, फिर भी करेला कड़वा, गन्ना मीठा और इमली खट्टी होती है। यह दोष पानी का नहीं है, बीज का है, वैसे ही मनुष्य सभी एक समान है, पर कुछ लोग इतने शातिर होते हैं कि पैरों के नीचे घिस चुकी चप्पल में नुक्स निकालते हैं। पांव रखते हैं खुद कीचड़ में और छींटों का दोष चप्पल पर लगाते हैं। जिस प्रकार महान प्रयत्न से शिला को पहाड़ पर चढ़ाया जाता है, पर एक ही पल में वह नीचे गिराया जाता है, उसी प्रकार स्वयं के गुण और दोष के विषय में होता है। महत्त्वपूर्ण यह भी है कि जिसे हम पसंद या प्रेम करते हैं, वह कितने ही अपराध करे तो भी प्रिय ही बना रहता है और जहां नफरत हो तो उसमें गुण के बजाय दोष ही दिखते हैं। जैसे अनेक दोषों से दूषित होने पर भी अपना शरीर प्रिय लगता है, वैसे बहुधा दूसरों के दोषों के समय हम बहुत भले बन जाते हैं और अपने दोषों पर पर्दा डालने में बहुत कुशल होते हैं। कहीं न कहीं दोष से हम सभी भरे हैं, मगर दोष-मुक्त होने का निरंतर प्रयास होना चाहिए। हजार गुणों का संग्रह करना आसान है, मगर एक दोष दुरुस्त करना मुश्किल है। सबकी अपनी-अपनी सोच है। दूसरों में दोष न निकालना, दूसरों को उन दोषों से उतना नहीं बचाता, जितना आदमी अपने को बचाता है। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषण का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं, जबकि युधिष्ठिर ने ढूंढ़ लिया। जब तक हम दूसरों में दोष देखने की आदत ठीक नहीं करते, तब तक अपने में सुधार का काम पिछड़ता जाएगा। हमारी बहुत-सी परेशानियां इसी से पैदा होती हैं। दोष निकालना आसान है, उसे ठीक करना मुश्किल। स्वार्थी एवं मूर्ख मनुष्य अपने बड़े से बड़े दोषों की अनदेखी करता है, लेकिन दूसरे के छोटे-से-छोटे दोष को हौवा बना देता है। मसलन, बढ़ई लकड़ी को सीधा करता है, वैसे ही ज्ञानी अपने दोषों पर विजय पाते हैं। अगर हमारी सोच अच्छी है तो खुद की त्रुटि स्वीकारने में कोई लज्जा नहीं होगी। सुलझा वह है, जो अपने निर्णय खुद करता है और परिणाम के लिए किसी को दोष नहीं देता। दोष स्वीकार करने से ही नहीं मिटता, बल्कि उसको मिटाने के लिए जो भी संभव हो, वह प्रयास करना चाहिए। वैसे भी एक खास गुण भी दोषों को ढक लेता है। खुशदिल व्यक्ति अंतर्मन का अच्छा निर्माण करता है, जबकि असंतुष्ट व्यक्ति संसार को दोष देता है। बुद्धिमान दूसरों की त्रुटियों से शिक्षा लेते हैं और मूर्ख अपनी त्रुटियों से भी नहीं सीखते। लोग दूसरों के गुणों की अपेक्षा दोषों को जल्द ग्रहण करते हैं। अगर कोई हमारी गलतियां निकालता है तो हमें खुश होना चाहिए, क्योंकि कोई तो है जो हमें दोषरहित बनाने के लिए अपना दिमाग और समय दे रहा है। जो अग्नि गर्मी देती है, हमें नष्ट भी कर सकती है। यह अग्नि का गुण भी है और उसकी पहचान भी। अंधा वह नहीं है जो देख नहीं सकता, बल्कि वह जो देखकर भी अपने दोषों पर पर्दा डालने का प्रयास करता है। अग्नि भोजन को पचाती है और उपवास दोषों को पचाता है यानी नष्ट करता है। आत्म-निरीक्षण से अपने दुर्गुणों और दोषों का ज्ञान होता है। दूसरों के दोष देखने से बहुमूल्य शक्ति नष्ट होती है। अपनी आंख में मोटा दोष देखने के बजाय दूसरे की आंख में तिनका देखना अति सरल है। लोग डूबते हैं तो समुद्र को दोष देते हैं, मंजिल न मिले तो किस्मत को दोष देते हैं। खुद संभल कर चलते नहीं और जब लगती है ठोकर तब पत्थर को दोष देते हैं।

# इंडिया की गाड़ी कब पटरी पकड़ेगी

आम चुनाव की घोषणा में अब महज कुछ हफ्तों का समय शेष है, पर 'इंडिया ब्लॉक' की खिचड़ी पकना तो दूर, उसके छोटे-मोटे कंकड़ भी साफ नहीं किए जा सके हैं। हिन्दुस्तानी मतदाताओं पर यह आरोप आम है कि उनकी याददाश्त भोथरी है। वे चुनाव सामने देख पिछले मतदान की भूल-चूक बिसरा देते हैं, पर क्या हमारे राजनेता भी ऐसे हैं? तथाकथित इंडिया ब्लॉक के साझीदारों के रुख-रवैये से तो ऐसा ही एहसास होता है। आम चुनाव की घोषणा में अब महज कुछ हफ्तों का समय शेष है, पर उनकी खिचड़ी पकना तो दूर, उसके छोटे-मोटे कंकड़ भी साफ नहीं किए जा सके हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जहां अबकी बार, चार सौ पार के महत्वाकांक्षी नारे के साथ चुनावी शंखनाद कर दिया है, वहीं इंडिया के कर्णधार शह और मात के तिलिस्म में उलझे हुए हैं। आपको याद होगा, पिछली 19 दिसंबर को इंडिया ब्लॉक की बैठक में तृणमूल कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री का चेहरा बनाने का प्रस्ताव रख दिया था। तृणमूल कांग्रेस का मानना है कि नरेंद्र मोदी के सामने खड़े होने का सामर्थ्य सिर्फ खड़गे में है। वजह? वह देश की सबसे बड़ी पार्टी के अध्यक्ष हैं। जाति से दलित हैं। उनका लंबा राजनीतिक-प्रशासनिक अनुभव है और बेईमानी का कोई दाग उनके ऊपर नहीं है। कांग्रेस को भी यह 'नैरेटिव' सूट करता है। जब मल्लिकार्जुन खड़गे को पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया था, तभी यह चर्चा उभरी थी कि यदि केंद्र में किसी वजह से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार चूकती है, तो वह देश के पहले दलित प्रधानमंत्री हो सकते हैं। खड़गे का इस तरह नाम उछलना जनता दल (यूनाइटेड) के सदस्यों को रास नहीं आया। उनका मानना है कि इस ब्लॉक को बनाने की शुरुआती कवायद हमारे नेता नीतीश कुमार ने की। पटना में ही इसकी पहली बैठक हुई। नीतीश जी न केवल संयोजक होने की काबिलियत रखते हैं, बल्कि उन्हें देश का अगला प्रधानमंत्री भी होना चाहिए। चंद महीनों के एक छोटे अंतराल को छोड़ दें, तो वह करीब 19 बरसों से मुख्यमंत्री हैं, उनकी अगुवाई में बिहार के पिछड़ों और महिलाओं ने काफी बढ़त हासिल की है। इस विचारधारा के लोगों का मानना है कि खड़गे साहब बहुत अच्छे हैं, पर वह कभी मुख्यमंत्री नहीं रहे और इस वजह से हमारे नेता का संयोजक पद के लिए बेहतर दावा बनता है। इसी बीच जनता दल (यू) की अंदरूनी राजनीति में बड़ा परिवर्तन हुआ। पार्टी अध्यक्ष ललन सिंह की जगह नीतीश कुमार ने जनता दल (यू) की अध्यक्षता संभाल ली। इसके साथ ही सियासत की प्याली में तरह-तरह के तूफान उठ खड़े हुए। किसी ने कहा कि वह अब एक बार फिर पाला बदलकर भाजपा का दामन थाम सकते हैं। ऐसे लोगों ने याद दिलाया कि पिछले आम चुनाव से पूर्व भी वह सोनिया गांधी से मिले थे और उनकी अभिलाषा थी कि कांग्रेस उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करे। कोई ठोस संकेत न मिलने पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के साथ फिर से गठबंधन कर लिया था। यही वजह है कि ललन सिंह के हटते ही अभी तक सवालों-ख्यालों में पलने वाले इंडिया ब्लॉक में हलचल मच गई। नीतीश कुमार यहीं नहीं रुके। उन्होंने अरुणाचल पश्चिम संसदीय क्षेत्र से रूही तांगुंग को लोकसभा का उम्मीदवार घोषित करवा दिया। इसके अलावा पार्टी ने विधानसभा चुनाव में भी उतरने की घोषणा कर दी। ये दोनों फैसले इंडिया ब्लॉक की मूल भावना से परे थे। सियासी शतरंज की इस चाल के बाद अगला फैसला कांग्रेस और अन्य दलों को लेना था। यही वह मुकाम है, जहां से उन्हें संयोजक बनाने की कोशिशें नेपथ्य में शुरू हो गईं। हो सकता है, आने वाले कुछ दिनों में उन्हें संयोजक घोषित भी कर दिया जाए।

कर्नाटक में 50 प्रतिशत सांसदों का टिकट काट सकती है बीजेपी




## आज का राशिफल

मेष: [illegible]

वृषभ: [illegible]

मिथुन: [illegible]

कर्क: [illegible]

सिंह: [illegible]

कन्या: [illegible]

तुला: [illegible]

वृश्चिक: [illegible]

धनु: [illegible]

मकर: [illegible]

कुंभ: [illegible]

मीन: [illegible]

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5115

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | 5 | | 8 | | |
| | | 6 | 3 | | 9 | | | 2 |
| 4 | 2 | | | | | | | 7 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | | |
| | 5 | | | | | 1 | | 4 |
| 7 | | | | | | | 9 | 5 |
| 2 | | | 5 | | 7 | 3 | | |
| | | 1 | | 2 | 3 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5114

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 5 |

## वर्ग पहेली 5115

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | 8 | ■ | 9 | | |
| 10 | | ■ | 11 | | | ■ | |
| ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | |
| 17 | | 18 | ■ | 19 | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | 23 | 24 |
| ■ | 25 | | | ■ | ■ | 26 | |

संकेत: बाएं से दाएं
1. 8 जुलाई 1994 को जिसकी मृत्यु हुई इस देश की प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री बनी (3)
4. इस राज्य का प्राचीन नाम प्राग्ज्योतिषपुर है (3)
7. बलिष्ठ पुरुष, बलवीर (4)
9. गहन चिंतन करने का भाव (3)
10. गमन करना, प्रस्थान करना (2)
11. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
12. शक्तिसंवर्द्धन, संवर्धन, संपोषण (3)
13. रस्म, प्रथा, चलन, सामाजिक नियम (3)
15. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई जो दो कोस के बराबर होती थी (2)
16. [illegible] (3)
17. जिसका कोई रक्षक, मददगार या स्वामी हो (3)
19. कृत्रिम, बनावटी (2)
20. सुराग, पहुंच (2)
22. शरीर में मुंह से तेज हवा झटके से बाहर निकालना (3)
25. वह जो किसी के पक्ष में कानूनी रूप से समर्थक हो (3)
26. मस्तक, माथा, ललाट, माथा (3)

ऊपर से नीचे
1. जगह-जगह, यत्र-तत्र, जहां-तहां (3)
2. पालन-पोषण, परवरिश करना (6)
3. आकाश, अंबर, व्योम (2)
4. यह नाम स्वीट्जरलैंड के साथ जुड़ा है (7)
5. पुत्र बेटा (अंग्रेजी)(2)
6. इच्छा होना, दिल में आना, सोचा करना (5)
8. [illegible] (3)
14. बौद्ध मंदिर, शिवाला, टीला, ढेर (2)
18. वह आघात जो प्रेमवश किसी के शरीर या पीठ आदि पर हथेली से धीरे-धीरे पहुंचाया जाए (3)
21. छोटा तालाब, अनियत गति, प्राकृतिक जलाशय, संगीत से संबंधित एक शब्द (2)
23. परिषद, गोष्ठी, विधान परिषद, अंजुमन (2)
24. लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा, कमल कुमुद आदि फूलों की लंबी व खोखली डंडी (2)

### वर्ग पहेली 5114 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | हे | न्द्र | सि | ह | धो | नी | ■ |
| हा | ल | ■ | द्र | र | ■ | ली | भ |
| न | न | सा | र | ■ | रा | फ | र |
| ता | ■ | री | ■ | ■ | न | र | ना |
| ■ | सु | ■ | हा | का | लु | ■ | ■ |
| अ | त | ल | ■ | म | ज | बू | र |
| गा | ■ | ना | ■ | धी | ■ | झ | ट |
| ध | र | म | वी | र | ■ | ना | ना |

# राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का हुआ समापन, प्रथम मध्य प्रदेश, द्वितीय छत्तीसगढ़, तृतीय राजस्थान रहा

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने भी कियावत के माध्यम से शुभकामना संदेश दिया

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन के संयोजन एवं जिला कराते एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता 5 से 7 जनवरी के बीच संपन्न हुई। तीन दिवसीय राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मध्य प्रदेश द्वितीय स्थान छत्तीसगढ़ तृतीय स्थान राजस्थान रहा सभी विजय खिलाड़ियों को अतिथियों ने पुरस्कार वितरित किये। कौशल्या रिसोर्ट में आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री अनिल जी कियावत थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सकल जैन समाज के अध्यक्ष उद्योगपति समाजसेवी श्री प्रदीप जी कीमती विशेष अतिथि एडवोकेट जिला संघ संचालक श्री दशरथ सिंह जी झाला, लायंस क्लब जॉन के चेयरमेन मंदसौर जिला के प्रख्यात सी ए श्री विकास जी भंडारी, नेशनल मीडिया फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष जनसारंगी अखबार प्रधान संपादक श्री नरेंद्र जी अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार इंडिया टीवी श्री अजय बड़ोलिया, पूर्व डीएसपी पुलिस विभाग अब्दुल रशीद खान, समाजसेवी श्री भगवान दास ज्ञानानी थे। इस दौरान



वरिष्ठ पत्रकार श्री संजय भाटी, पप्पू जी चंदवानी, डॉक्टर नितिन चंदवानी, धर्मेंद्र जी श्रीवास्तव व्यवस्था प्रभारी श्री विजय कोठारी ,प्रतियोगिता संयोजक श्री गगन कुरील विशेष रूप से उपस्थित थे।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री अनिल कियावत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश जी देवड़ा जी कार्यक्रम की व्यवस्था के कारण प्रतियोगिता समापन में नहीं आ पाए तो उन्होंने भारत वर्ष से आए हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की है। आयोजक समिति को छोटे से जिले मंदसौर में राष्ट्रीय प्रतियोगिता करवाने के लिए बहुत-बहुत बधाई दी है। सकल जैन समाज के अध्यक्ष उद्योगपति श्री प्रदीप कीमती ने कहा कि संस्था को बहुत-बहुत बधाई जो मंदसौर जैसे छोटे से शहर में इतना बड़ा आयोजन कर मंदसौर के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का कार्य कर रही है यह संस्था बधाई के पात्र हैं। एडवोकेट जिला संघ संचालक श्री दशरथ सिंह झाला ने कहा कि मार्शल आर्ट भारत की निकली हुई विद्या है जो विदेशों में जाकर बड़े स्तर में विकसित हो गई है ने कहा कि मिक्र्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन निरंतर अच्छा कार्य कर रही है। श्री विकास भंडारी ने कहा कि संस्था 28 वर्षों से महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में मंदसौर जिले के बालक और बालिकाओं को निशुल्क सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग दे रही है इस संस्था के कई खिलाड़ी सरकारी जॉब में पदस्थ हैं और यहां के खिलाड़ी नेशनल इंटरनेशनल प्रतियोगिता में पदक लाकर मंदसौर का नाम रोशन किया है संस्था बधाई के पात्र है।नेशनल मिडिया फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र जी अग्रवाल ने कहा कि आज के युग में मार्शल आर्ट सेल्फ डिफेंस बालिकाओं के लिए बहुत आवश्यक है और यह संस्था 28 वर्षों से निशुल्क सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण दे रही है जो काबिले तारीफ है पूरी संस्था बधाई के पात्र हैं। इंडिया टीवी वरिष्ठ पत्रकार श्री अजय बाड़ोलिया ने कहा कि जीवन में खेल का बहुत महत्व है खेल कोई सा भी हो सभी को खेलना चाहिए जिससे शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम को पूर्व डीएसपी अब्दुल रशीद जी खान, समाजसेवी भगवान दास जी ज्ञानानी ने भी संबोधित करते हुये प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना की। इससे पूर्व स्वागत उदबोधन देते हुये व्यवस्था प्रभारी विजय जी कोठारी ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रारंभ में अतिथियो का स्वागत संयोजक श्री गगन कुरील सचिव श्री सैयद आफताफ आलम, श्री असलम खान, श्री सुनील हीवे, श्री अशोक गहलोत, श्री दुर्गेश बेलानी, श्री दिनदयाल भावसार, श्री हितेश साल्वी, श्री धर्मेन्द्रसिंह राणेरा, श्री कमलेश डोसी, श्री शाहीद हुसैन, श्री यशवंत सिंह, श्रीमती धर्मेंद्र कुमारी बघेरवाल ने किया। संचालन गगन कुरील ने किया व आभार सैयद आफताब आलम ने माना।



**तैयारी**- गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के लिए तैयारी जारी है। इसके लिए कॉलेज मैदान में प्रतिदिन परेड की रिहर्सल शुरू हो गई है।

# लायंस क्लब ने 130 बच्चों को स्वेटर वितरीत किये

## नेत्र शिविर के माध्यम से 195 व्यक्तियों का नेत्र परीक्षण किया, 20 ऑपरेशन हेतु चयनित





**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** लायंस क्लब मंदसौर द्वारा चले गांव की ओर एवं संस्कार निर्माण के प्रांतीय कार्यक्रम के अनुसार मंदसौर से 20 किलोमीटर दूर ग्राम जवासिया में प्राथमिक एवं हाईस्कूल के 130 बच्चों को ठंड से बचाव हेतु लायन अमित अग्रवाल के सौजन्य से उनी स्वेटर वितरित किये गये। इस दौरान नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कर 195 व्यक्तियों की आंखों की जांच भी की गई जिसमें से 20 को नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल परिसर में आयोजित स्वेटर वितरण एवं संस्कार निर्माण के कार्यक्रम में मॉं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मंचासीन लायन साथियों का स्वागत ग्राम पंचायत के सरपंच, पालक-शिक्षक समिति के अध्यक्ष, उपसरपंच तथा विद्यालय परिवार के संकुल प्राचार्य श्री चैनसिंह भाटी, श्री दिनेश पालीवाल व अन्य शिक्षकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर लायन अध्यक्ष नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मजहर हुसैन ने कहा कि लायंस क्लब 220 देशों में पीड़ित मानवता की सेवा के लिये जाना जाता है। हम भी उसी के अनुसार प्रांतपाल के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में भी सेवा का कार्य करते है। इसी तारतम्य में आज इन नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्वेटर वितरण करने आपके यहां आये है। साथ ही बच्चों एवं ग्रामीणजनों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कर नि:शुल्क चिकित्सा एवं ऑपरेशन करेंगे। लायन डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने संस्कार निर्माण पर चर्चा करते हुए बच्चों से कहा कि आपके संस्कारवान बनने से सांसारिक जीवन सफल होगा। आप चरित्रवान बनेंगे तथा देश की दशा व दिशा बदलने में अपना योगदान देंगे। संस्कार आपको सद्गुणों की ओर ले जाता है। शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान होना भी बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर लायन सुभाष बग्गा, आशीषसिंह मण्डलोई, एड. गौरव रत्नावत भी उपस्थित थे। संचालन विद्यालय के शिक्षक दिनेश पालीवाल ने किया एवं आभार क्लब सचिव प्रेम पाटीदार ने माना।

## प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशीप मेले का आयोजन कल

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय आईटीआई मंदसौर के प्राचार्य द्वारा बताया गया कि एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 15 जनवरी 2024 को प्रात: 10 बजे किया गया है। अप्रेन्टिसशिप मेले में आयशर मोटर्स देवास एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड सानंद द्वारा फिटर, डीजलमैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिस्ट, ग्राइंडर, विद्युतकर, ऑल इंजीनियरिंग ट्रेड में 50-50 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें शैक्षिणिक योग्यता एक और दो वर्षीय आईटीआई उत्तीर्ण एवं 12 वीं पास 18 से 25 वर्ष के अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते है। अप्रेन्टिसशिप मेले भाग लेने के लिए 15 जनवरी 2024 को प्रात: 10 बजे उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी के लिये शासकीय आईटी आई मंदसौर प्राचार्य के दूरभाष नं. 7987241710 पर संपर्क कर सकते है।

# शासकीय नूतन हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव सम्पन्न

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर द्वारा विद्यालय के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला वार्ड पार्षद श्री ईश्वर सिंहचौहान एवं पार्षद श्रीमती सुनीता भावसार उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती माता की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया छात्र दीपेश नितेश द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया स्वागत उद्बोधन विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती ज्योत्सना शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 के प्राचार्य धर्मपाल सिंह देवड़ा एवं एमएलबी स्कूल के प्राचार्य के सोलंकी उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती विनीता प्रधान उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन रोहित सिंह चौहान एवं श्रीमती हंसा पारीख द्वारा किया गया। कार्यक्रम में



स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलक नृत्य की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला द्वारा छात्रों को प्रेरक मार्गदर्शन दिया गया उन्हें अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी गई हमेशा सदमार्ग पर चलकर उन्नति करें ऐसी शुभकामनाएं छात्र-छात्राओं को दी गई।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य द्वारा विद्यालय संबंधी मांग रखी गई जिसे अतिथि नपाध्यक्ष द्वारा स्वीकृत कर पूरी करने का आश्वासन दिया गया जिससे पूरी विद्यालय परिवार में खुशी की लहर व्याप्त है। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अंशुल धनोतिया द्वारा किया गया तथा प्रतिवेदन वाचन प्राचार्या श्रीमती ज्योत्सना शर्मा द्वारा किया गया। विद्यालयीन विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां दी जिन्हें अतिथियों ने सराहा।

# अग्र उत्सव महिला क्लब ने रामजी के अयोध्या आगमन की खुशी में दीप जलाये

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अग्र उत्सव महिला क्लब के द्वारा मिलन समारोह का आयोजन कर अयोध्या में श्री रामलला के आगमन का उत्सव मनाया गया। क्लब संयोजक भारती अग्रवाल ने बताया की अग्र उत्सव महिला क्लब के द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला के घर वापसी के उपलक्ष्य में उत्सव का आयोजन दीप जलाकर किया गया और एक दूसरे को बधाई देकर श्री रामजी के भजन भी प्रस्तुत किए। इस दौरान भगवान श्री राम लक्ष्मण और माता सीता से संबंधित प्रतियोगिता आयोजित की गई। अग्र उत्सव महिला क्लब ने सभी से 22 जनवरी को अपने घरों पर रोशनी कर दीपक जलाने का आव्हान भी किया।

कार्यक्रम के दौरान संयोजक भारती अग्रवाल,शशि अग्रवाल, कल्पना गर्ग के द्वारा समय से आने वाले सदस्यों का लक्की ड्रा निकाला गया जिसमें सीमा गर्ग, मीनाक्षी अग्रवाल प्रमिला गोयल ने पुरस्कार प्राप्त किया साथ ही लीडर प्रमिला गोयल, रानी अग्रवाल, पिंकी गोयल, शालिनी सिंहल, अंजू मित्तल और रिंकू गोयल के द्वारा मजेदार प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें



प्रथम शशि जिंदल, स्वाती सिंहल, रश्मि गर्ग रहे, द्वितीय अलका अग्रवाल, आशा अग्रवाल एवं हेमलता गोयल रहे तथा तृतीय रेखा सिंहल, सीमा गर्ग एवं अंजू मित्तल रहे। इस अवसर पर हाउजी गेम का भी आयोजन किया गया।

# रोल बाल में मप्र टीम की कमान मंदसौर की लाभांशी को

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** हाल ही में बेलगाम कर्नाटक में आयोजित हुई राष्ट्रीय सीनियर रोल बॉल प्रतियोगिता जिसमें पूरे देश से 26 टीमों ने भाग लिया उसमें मध्य प्रदेश टीम की ओर से सीनियर महिला टीम की कमान मंदसौर की लाभांशी ठाकुरदास हेज़ू को सोपी गई इन्हीं के साथ मंदसौर की सीनियर वर्ग में कई नेशनल प्रतियोगिताओं में मध्य प्रदेश के लिए खेल चुकी वर्णिका मनीष उपाध्याय व महक निलेश पारीक का चयन भी मध्य प्रदेश टीम में हुआ वही बालक वर्ग में 8 से ज्यादा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपने खेल का जोहर दिखा चुके जलज प्रकाश सिसोदिया व दिव्यांशु परमार का चयन



हुआ सभी खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश स्टेट चैंपियनशिप जो मेडिकैप्स इंदौर में आयोजित हुई थी मैं अच्छा प्रदर्शन कर अपने चयन को सुनिश्चित किया यह सभी खिलाडी नियमित रूप से मंदसौर रोल बॉल द्वारा चलाई जा रही प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर जिला रोलबाल संघ के अध्यक्ष विकास आचार्य लीड कॉलेज खेल अधिकारी राजू कुमार जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा प्रशिक्षक सचिन काले, कपिल भंडारी, अनिल जैन, अनिल चौधरी, जितेंद्र कनौजिया, अविनाश उपाध्यक्ष, कुलदीप सिंह चौहान, रवि कोपरगांवकर, आदि ने बधाई दी व खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। यह जानकारी जिला रोलबॉल संघ के सचिव राकेश श्रीवास्तव ने दी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा आज इन गांवों में भ्रमण करेंगी

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 14 जनवरी 2024 को यात्रा जनपद पंचायत मंदसौर के ग्रामलामगरी, पटलावद, गल्याखेड़ी एवं जमालपुरा, जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में यात्रा कित्तुखेड़ी, जनपद पंचायत सीतामऊ में चांपाखेडी, देवपुरा बामनी, लदुना एवं मुवाला में भ्रमण करेंगी।

# महावीर पुस्तकालय द्वारा विद्यालयों में नये स्वेटर, कपड़े, किताबें व कम्बल वितरण किये



**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** महावीर पुस्तकालय एवं वस्त्र वितरण संस्था मंदसौर द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को नये कपड़े, स्वेटर, कम्बल आदि 15 हजार रू. की सामग्री वितरण की गई। नई फतेहगढ आंगनवाडी व प्राथमिक विद्यालय, रिच्छाबच्चा प्राथमिक विद्यालय, जनता कॉलोनी आंगनवाड़ी व प्राथमिक विद्यालय में स्वेटर, साहित्य व गरीब महिलाओं को कम्बल भेंट किया। नई खजुरी गांव के आंगनवाड़ी व प्राथमिक विद्यालय में स्वेटर वितरण किये गये। इस अवसर पर रीछाबच्चा में विशेष आवश्यकता वाले अशक्त श्री भंवरलाल का कम्बल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य नन्दकिशोर पाटीदार ने किया। कार्यक्रमों का मार्गदर्शन प्राचार्य श्रीमती अलका अग्रवाल ने किया। सभी ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षकगण शीघ्र विद्यार्थियों को गरम कपड़े दिलाकर मदद करे। यह जानकारी उपाध्यक्ष मनोहरसिंह मेहता व अभय पोखरना एवं सहसचिव श्रीमती समता खिंदावत ने दी।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच में हुई नवीन नियुक्तियां

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश संयोजक



फारुख खान ने मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ केंद्रीय प्रचारक इंद्रेश कुमार के निर्देशानुसार तथा मंच के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफ़ज़ल, राष्ट्रीय संगठन संयोजक गिरीश जुयाल, मंच के केंद्रीय नेतृत्व व प्रदेश सह संयोजक सैय्यद अमजद अली, मालवा प्रांत संयोजक फारुख मंसूरी की सहमति से शाकिर गढ़वी को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, शाहिद कुरैशी को रतलाम जिला संयोजक व शकील नूरानी को मंदसौर जिले का जिला संयोजक मनोनीत किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को इष्टमित्रों ने पुष्पमाला पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# जिले में 6 माह से अधिक का कोई भी राजस्व प्रकरण निराकरण से शेष ना रहे-जैन

## जिले में 15 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व महाअभियान, राजस्व अधिकारियों को वीसी के माध्यम से दिए निर्देश

**नीमच, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इन्द्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ नीमच जिले में भी राजस्व महाअभियान संचालित किया जा रहा है। राजस्व महाअभियान 15 जनवरी से प्रारंभ होकर 29 फरवरी, 2024 तक संचालित किया जायेगा। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने शनिवार को वी.सी. के माध्यम से सभी राजस्व, अधिकारियों की बैठक कर अभियान के सफल संचालन के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम सुश्री नेहा मीना , डिप्टी कलेक्टर संजीव साहू भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व महाअभियान के दौरान राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराने, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण प्रथमिकता से किया जाना है।कलेक्टधर श्री जैन ने



बताया कि महाअभियान में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में राजस्व रिकॉर्ड का वाचन, समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग, आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराना, आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, उत्तराधिकार नामांकन, सीमांकन, नक्शे में तरमीम किया जाना शामिल है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व महाअभियान के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की जिला स्तर पर रोजाना समीक्षा की जावेगी । कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी एसडीएम एक सप्ताह का गावों में बी-1 वाचन का कार्यक्रम तैयार कर ले फौती नामातंरण का कोई भी प्रकरण शेष नही रहे।पीएम किसान सम्मान निधी के पोर्टल पर सेल्फ रंजीस्टेशन करने वाले 321 किसानों के पात्रता की जांच करवा कर इन प्रकरणों का उचित निराकरण करवाय कलेक्टर ने 31/12/2023 की स्थिति पिछले 6 माह से अधिक अवधि का कोई भी नांमातरण बंटवारा का प्रकरण लंबीत न रहे यह सुनिश्चित करने के निर्देश सभी राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होने समग्र ई-केवासी तथा समग्र से खसरे से लिंकिंग का शतप्रतिशत कार्य भी पूर्ण किया जायें। एडीएम सुश्री नेहा मीना ने निर्देश दिए कि राजस्व महाअभियान में राजस्व रिकॉर्ड के वाचन के लिये पटवारी पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार गाँव में खसरा, बी-1 का वाचन करेंगे। समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग के लिये समग्र वेब पोर्टल एमपी ऑनलाइन/सीएसई के कियोस्क के माध्यम से समग्र में आधार की ई-केवाईसी कराने की सुविधा नागरिकों को नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी। आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराने के लिये नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये लोकसेवा केन्द्र के अतिरिक्त अब एमपी ऑनलाइन और सीएसई के कियोस्क के माध्यम से भी आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराये जा सकेंगे। राजस्व अधिकारियों द्वारा 31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति में समय-सीमा पार कर चुके लंबित प्रकरणों को चिन्हांकित किया जायेगा और न्यायालय में नियमित सुनवाई आयोजित कर नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। उत्तराधिकार नामांतरण में स्पष्ट किया गया है कि रिकॉर्ड में दर्ज ऐसे भू-स्वामी, जिनकी मृत्यु काफी समय पहले हो चुकी है, परंतु उनके उत्तराधिकारियों के पक्ष में नामांतरण का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है, महाअभियान में उत्तराधिकार नामांतरण के प्रकरणों को दर्ज कर निराकरण किया जायेगा। चिन्हित प्रकरणों की सीमांकन करने की कार्यवाही महाअभियान में की जायेगी।

# अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

## मंदिरों में राम कीर्तन, दीप प्रज्वलन और प्रत्येक घर में दीपोत्सव का आयोजन

**नीमच, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के साथ ही नीमच जिलें में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेगी। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने जिले 16 से 22 जनवरी तक के विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को गरिमापूर्वक मनाने के लिये आवश्यक निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सभी विभागों के अधिकारीयों को निर्देश दिए है कि प्रदेश के प्रत्येक मंदिर में 16 जनवरी से 22 जनवरी तक जन-सहयोग से राम कीर्तन का आयोजन कराया जायेगा। समस्त मंदिरों में दीप प्रज्ञवलित किये जायेंगे। हर घर में दीपोत्सव के लिये आमजन को जागृत किया जायेगा। प्रदेश के नगरों तथा गाँव में मौजूद राम मंडलियों को मोहल्लों तथा गाँव में स्थानीय कार्यक्रमों के लिये प्रेरित किया जायेगा। प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट समितियों द्वारा धर्मगुरुओं के साथ समन्वय कर 22 जनवरी को भंडारों का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश के मुख्य मंदिरों में टी.व्ही. स्क्रीन लगाकर अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जायेगा। मंदिरों के आयोजन में आमजन की सहभागिता के लिये विशेष रूप से आमंत्रण दिये जायेंगे, आवश्यक प्रबंध भी सुनिश्चित किये जायेंगे। जिले के प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट समिति के माध्यम से स्वच्छता, रोशनी, दीप प्रज्ञवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन भी किये जायेंगे।

जिले के सभी नगरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा गाँव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कॉलेजों में साज-सज्ञा की जायेगी। प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। समस्त शासकीय कार्यालयों में 21 से 26 जनवरी तक रोशनी की जायेगी। जिले में विभिन्न विभागों को कार्यक्रम कराये जाने संबंधी जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। अलग-अलग स्थानों पर जन-अभियान परिषद के सहयोग से 11 से 22 जनवरी तक प्रभात-फेरी एवं कलश-यात्रा, 22 जनवरी को मंदिरों, पवित्र नदियों, जलाशयों में दीपदान एवं प्रकाश व्यवस्था, 11 से 22 जनवरी के बीच प्रदेश के 28 पवित्र स्थलों पर श्रीरामचरित लीला समारोह के साथ चित्रकूट एवं ओरछा में विशिष्ट गतिविधियों का आयोजन, स्थानीय कलाकारों एवं संस्थाओं के सहयोग से श्रीराम-जानकी जी से संबंधित चित्र, शिल्प, रांगोली आदि के साथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परिचर्चा, नृत्य-नाटिका, भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा। सभी ग्राम पंचायतों में श्रीराम कथा साप्ताह मनाया जायेगा, जिसमें गायन, कथा-वाचन, रामरक्षा स्रोत, रामचरित मानस पाठ आदि पर प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्यमंत्री की ओर से प्रमाण-पत्र दिये जायेंगे। पुरस्कार वितरण 26 जनवरी को जिला मुख्यालय पर होगा।इस संबंध में अतिरिक्तय मुख्यय सचिव डॉ. राजेश राजोरा ने शनिवार को विडियो कान्फेगन्सिग के के माध्यइम से सभी जिलों के कलेक्टरों और अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। वीसी में कलेक्टर श्री दिनेश जैन , एडीएम सुश्री नेहा मीना , डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव साहू भी उपस्थित थे।

# क्रांति के अग्रणी है मुनि विश्वामित्र, जिन्होंने राक्षस ताड़का, सुबाहु का नाश कराया-रामदयालजी महाराज

## पांच दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का हुआ समापन

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** धर्मधाम गीता भवन में परम पूज्य शाहपुरा पीठाधीश्वर रामस्नेही जगद्गुरू आचार्य रामदयालजी महाराज एवं अन्य संतों के सानिध्य में पंच दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का समापन हुआ।

गीता का प्रारंभ प्रथम शब्द धर्म से हुआ है- शाहपुरा पीठाधीश्वर पूज्य आचार्य श्री रामदयालजी महाराज ने गीता जयंती के अंतिम दिवस विवेकानन्द जयंती पर युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इस राष्ट्र की अस्मिता-स्वाभिमान को अक्षुण्य बनाये रखने में युवाओं की अहं भूमिका रही है। अंग्रेजों की गुलामी से देश को आजाद कराने में जहां हजारों शहीदों ने शहादत दी वही इसके पूर्व विदेशी आक्रान्ता से मातृभूमि की प्रतिष्ठा गौरव को कायम रखने और धर्म के लिये गुरू गोविन्दसिंह के दो बच्चों ने दीवाल में चुने जाने पर हंसते-हंसते प्राणों के बलिदान कर दिया परन्तु अंतिम समय तक सनातन हिन्दू धर्म के विरूद्ध अन्य धर्म को अंगीकार करना मंजूर नहीं किया। आपने कहा कि हमें उन किशोर बालकों के बलिदान को नहीं भूलना चाहिये। आचार्य श्री ने कहा गीता का उद्घाटन भगवान कृष्ण ने सनातन धर्म ढाई अक्षर को भारत का प्राण और विश्व को देशवाहक सनातन धर्म की नींव धर्म शब्द से प्रारंभ किया है। धर्मक्षेत्र-कुरूक्षेत्र से गीता से उद्घोष किया है प्रथम धर्म को सामने रखते हुए कि जो मैं करने जा रहा हूँ उसमें मेरे सनातन धर्म के शास्त्रों-संतों का अनुमोदन है या नहीं और उसके बाद कुरूक्षेत्र में अर्थात उस कर्म को करने में हाथ डालों जो शास्त्र सम्मत हो। विश्वामित्र ने भिक्षा में राजा दशरथ से आश्रम के लिये जमीन-जायदाद नहीं धर्म और यज्ञ की रक्षा के लिये राम-लक्ष्मण को लेजाकर असुरों से यज्ञ की रक्षा कराई।

युवाओं को प्रथम मूल मंत्र राष्ट्र धर्म-राष्ट्रभक्ति, माता-पिता, गुरूजनों की सेवा, आज्ञापासन सनातन धर्म के प्रति पूर्ण पक्की निष्ठा होनी चाहिये। तरूणाई को भटकाने वाली आसुरी शक्तियों से बचना चाहिये- जो शक्तियां भारत की उर्जावान-शक्तिवान-तरूणाई को नाना प्रकार के प्रलोभनों की जाल में फंसाकर भटकाना चाह रही है उनसे बचकर अपने सनातन धर्म से विच्युत विलग नहीं होना चाहिये।



**गीता गम से अगम की ओर ले जाती है-** वर्तमान में जहां देखों वहीं रात दिन कोई पद, पैसा, सम्पत्ति, सन्तती नहीं होने के गम-दु:ख में डूबा हुआ है, गीता ऐसों को गम से निकालकर अगम अर्थात सुख शांति आनन्द की ओर से जाती है। गीता का सम्पूर्ण नहीं केवल एक शब्द ही ध्यान से श्रवण कर अनुसरण कर ले तो सम्पूर्ण जीवन ही बदल जाता है।

**22 जनवरी को दीपावली मनाने की तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दे-** कार्तिक मास की दिवाली से भी बढ़कर 22 जनवरी रामलला का प्राण प्रतिष्ठा दीपावली महोत्सव की तैयारियां अभी से ऐसे प्रारंभ कर दो भवनों को सुंदर रंग रोगन, रंगोलियां लाईटिंग आदि जितना भी अधिक से अधिक कर सके किया जावे। 22 जनवरी को धर्मधाम गीता भवन में राम मंदिर भूमिपूजन के अवसर पर पूज्य आचार्य श्री ने अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आव्हान किया।

**पूज्य आचार्य श्री का सम्मान कर आशीर्वाद लिया-** हुडको डायरेक्टर बंशीलाल गुर्जर, पूर्व न्यायाधीश सतीश भार्गव, ज्योतिषज्ञ लालकुंवर दीदी, समाजसेवी रामेश्वर काबरा, राजाराम तंवर, प्रवीण गुप्ता, राजेश मण्डवारिया, देवेन्द्र मरच्या एड., कन्हैयालाल सिंगानी, अ.भा. पोरवाल महिला समिति की सुनीता मुजावदिया, रेखा मण्डवारिया, कृष्णा गुप्ता, रेखा पोरवाल, कलावती मोदी, शोभा गुप्ता, नीतु मेहता, मंजू मुजावदिया, प्रेम रत्नावत, रानी पोरवाल, गीता भवन महिला समिति की विद्या उपाध्याय, अंजूतिवारी, पूजा बैरागी, रानू विजयवर्गीय, आयुषी अग्रवाल, अनुपमा बैरागी, निर्मला माली, माताजी विष्णुकुंवर बैरागी, माताजी चन्द्रकांता मारोठ्यिा, दाखाबाईचौहान, मजूसेन, मेना कुंवर, सुधा फरक्या, गंगा अग्रवाल, प्रेमलता आचार्य, पुष्पा माली, अनु पाटीदार, वर्षा वैशम्पायन, मंजू राठौर, सोहनकुंवर, शांताबाई, अयोध्या बैरागी ने आचार्यश्री से आशीर्वाद लिया। संचालन ट्रस्ट सचिव पं. अशोक त्रिपाठी ने किया एवं आभार ट्रस्टी बंशीलाल टांक ने माना।



## जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता निबन्ध प्रतियोगिता सम्पन्न

### वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम विषय पर विद्यार्थियों ने निबन्ध लिखें

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के उपलक्ष्य में 'वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम' विषय पर जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें जिले के सभी महाविद्यालयों में आयोजित संस्था स्तर निबंध प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त निबन्धों को शामिल किया गया।

जिला नोडल अधिकारी डॉ. के.आर. सूर्यवंशी ने बताया कि दिनांक 11 जनवरी 2024 को जिला स्तर पर चयन समिति द्वारा मतदाता जागरूकता निबंध प्रतियोगिता के समस्त निबन्धों को जाँच कर प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया, जिसमें जिला स्तर पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर की राधिका बैरागी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर फाल्गुनी सेन बी.एस.सी. प्रथम वर्ष अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय पिपलिया मंडी एवं दीपक सोनी बी फार्मा चतुर्थ वर्ष मंदसौर विश्वविद्यालय मंदसौर का तृतीय स्थान पर चयन हुआ। इससे एक दिवस पूर्व शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर में संस्था स्तर प्रो. अनिल कुमार आर्य के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता निबन्ध प्रतियोगिता दिनांक 10 जनवरी 2023 को आयोजित की गई, जिसमें प्रथम स्थान पर राधिका बैरागी, द्वितीय स्थान पर मधुबाला एवं तृतीय स्थान पर राहुल सिसौदिया रहें।

## नप नगरी को मिला वन स्टार, प्रदेश में 12 वी रेंक

**नगरी, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गाबेंज फ्री सिटी स्टार रेटिंग अंतर्गत नप की वन स्टार रेटिंग दावेदारी को सफलता मिली हैं सीएमओ धर्म चंद जैन ने बताया कि गत दिनों जारी हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के आकड़ों में नप नगरी को प्रदेश स्तर पर 12 वी रेंक मिली है, गत वर्ष निकाय को 29 वी रेंक मिली थीं पूर्व वर्ष की तूलना में नप नगरी ने 17 पायदान उपर उठा हैं वही झोनल लेवल पर भी 15 वां स्थान हासिल किया हैं सीएमओ श्री जैन ने बताया कि नप को वन स्टार रेटिंग एवं जिले में पहला स्थान दिलाने में स्थानीय निकाय की स्वच्छता टीम के साथ ही नागरिकों का सहयोग रहा सर्वे में डोर टू डोर कचरा संग्रहण, स्टोरेज बिन, सिटी ब्यूटीफिकेशन, प्लास्टिक बैन, सहित वाटरबाडी एवं नाला एवं अन्य साफ सफाई में नप का उल्लेखनीय कार्य रहा है।



## राष्ट्रीय युवा महोत्सव में विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्त्रोत विषय पर व्याख्यान सम्पन्न

**भानपुरा, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय आर. एम. एस संस्थान अंतर्गत संचालित शिक्षा महाविद्यालय मे विवेकानंद युवाओं प्रेरणास्त्रोत विषय पर व्याख्यान एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे शिक्षाविद डॉ. प्रधुमन कुमार भट्टने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और आदर्शो पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं छात्रा अमतुल्लाह बोहरा व डिंपल गुर्जर ने क्रमश: प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया, आयोजन मे कॉलेज प्रधानाचार्य श्रीमान अजय भागेरवल, गयास उद्दीन अंसारी, जुगलकिशोर चौहान, खुशबु चौहान व कॉलेज के छात्र - छात्रा उपस्थित रहे। हरिराम जी गायरी ने आभार माना।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा दलौदा ने किया स्नेह संवाद सम्मेलन का आयोजन

**दलौदा, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया जी एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष व कार्यक्रम जिला प्रभारी श्री अमजद पठान जी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री इकबाल हुसैन बेली जी, जिला महामंत्री मोहम्मद मेहमूद खान जी के निर्देशानुसार एवं भाजपा दलोदा मंडल अध्यक्ष विकास सुराणा जी की अध्यक्षता व मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम मंडल प्रभारी श्री अकरम शेख जी के सानिध्य में अल्पसंख्यक मोर्चा दलोदा मंडल अध्यक्ष श्री सिद्दीकी शाह जी द्वारा महाराणा प्रताप रिसोर्ट में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभार्थित मुस्लिम समाज की महिलाओं, पुरषों एवं समाज प्रमुखों को आमंत्रित कर उनके साथ स्नेह संवाद सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मो.मेहमूद नागोरी जी कहा की 2014 में लोकसभा चुनाव के बाद आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार बनते ही ये प्रतीत होने लगा था की अब भारत देश एक नए युग की ओर बड़ेगा और हुआ भी यही आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री का पद संभालते हुए स्वच्छ भारत का आह्वान किया और गंदगी मुक्त कचरा मुक्त भारत हो इसके लिए सफाई अभियान चलाया साथ ही खुले में शौच से और इस गंदगी की वजह से होने वाली बीमारी के रोकथाम हेतु हर घर शौचालय हो इस के लिए योजना बनाकर सरकार द्वारा शौचालय निर्माण के लिए राशि दी गई।बीमारी के इलाज के लिए आयुष्मान योजना, रोजगार के लिए विश्वकर्मा योजना और ऐसी असंख्य योजनाएं लाए जिससे छात्र, छात्राएं, महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग, निसक्तजन, विकलांग, बेरोजगार और हर क्षेत्र में कार्य करने वाले कामगार, मजदूर, व्यापार करनेवाले व्यापारी, खेती करने वाले किसान लाभ ले सके। इकबाल हुसैन बेली जी ने कहा की मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री निकाह योजना, मुख्यमंत्री उद्धम योजना, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, जैसी असंख्य योजनाएं मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा संचालित है जिससे हर वर्ग हर तबके को बिना किसी भेद भाव के योजनाओं को लाभ मिल रहा है। विकास सुराणा जी कहा की भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में प्रधामंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार और प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली सरकार का सिर्फ और सिर्फ एक ही मकसद है और वो है सबका विकास, आज भारत का हर वह नागरिक सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ ले रहा है जो योजनाओं की पात्र श्रेणी में आता है, आज भारत देश विश्व के समक्ष विकसित, विकाशील देश होने की क्षमता लिए खड़ा है तो इसका श्रेय निश्चित ही भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार को जाता है। अमजद पठान जी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसकी सरकारें इतनी जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन के बीच लेकर आई है और इन योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिले और सभी के मिले इसके लिए भाजपा के कार्यकर्ता आमजन के बीच जाकर सुनिश्चित करते है की कोई पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित तो नही है अगर किसी कारण वश योजनाओं का लाभ किसी व्यक्ति को नहीं है तो उसको योजना का लाभ मिले इसका प्रयास करते है। इस अवसर पर दलौदा ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती दुर्गा अनिल केतवास भाजपा दलोदा नगर अध्यक्ष विनोद धनोतिया मोर्चा महामंत्री हाजी मुनव्वर मेंव , मीड्यिा प्रभारी शाहरुख मेव, फिरोज मंसूरी, जाकिर कुरैशी, अकरम कुरैशी,शाहिद, शरीफ एवं मंडल कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन सिद्दिक शाह ने एवं आभार अकरम शेख व्यक्त किया।

## प्लाट के भाग पर निर्माण अनुमति देने और नामांतरण शुल्क 1 प्रतिशत करने की मांग

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पार्षद और सामाजिक कार्यकर्ता



सुनील बंसल ने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पत्र लिख कर मांग की है कि शासन के द्वारा प्लाटों के भाग की निर्माण अनुमति पर प्रतिबंध हटाया जाए। प्रदेश शासन ने प्लाटों के भाग के निर्माण अनुमति पर प्रतिबंध लगा रखा है जो छोटे प्लाटधारी या एक प्लाट के एक भाग के दो टुकडे पर नगर पालिका के द्वारा अनुमति नहीं दी जाती है जबकि उनका नामांकन किया जाता है उनसे टैक्स आदि से वसूल किया जाता है परंतु उन्हें निर्माण अनुमति नहीं दी जाती प्लाट धारकों को काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। गरीब और निम्न मध्यम वर्ग का अपने घर के मकान का सपना पूरा नहीं होता।श्री बंसल ने नगरीय प्रशासन मंत्री श्री विजयवर्गीय से पत्र में अपेक्षा व्यक्त की है कि आप प्लाटों के भाग पर निर्माण अनुमति पर जो प्रतिबंधित है उसे शासन के द्वारा हटाया जाए ताकि लोगों का अपना घर का सपना पूरा हो सके। साथ ही श्री बंसल ने नगरी प्रशासन मंत्री को लिखे पत्र में यह भी मांग की है कि मंदसौर नगर पालिका द्वारा नामांतरण शुल्क 2% लिया जाता है उसे एक प्रतिशत किया जाए। क्योंकि प्रदेश की अन्य नगर पालिकाओं में यह शुल्क 1% ही लिया जा रहा है केवल अकेले मंदसौर नगर पालिका ही ऐसी है जो दो प्रतिशत नामांतरण शुल्क वसूल करती है।

## मकर संक्रांति का पर्व इस वर्ष 15 जनवरी को मनाया जाए

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** संक्रांति प्रत्येक मास में सूर्य के एक राशि



से दूसरी राशि में प्रवेश को कहते हैं जब मेष राशि में प्रवेश करते हैं तो मेष की संक्रांति वृषभ राशि में प्रवेश करते हैं तो वृषभ की संक्रांति इसी प्रकार मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो मकर संक्रांति का महापर्व होता है इस वर्ष भगवान भास्कर 14 म 15जनवरी की रात्रि में लगभग 3:00 बजे धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करेंगे इसलिए दूसरे दिन सूर्योदय के पश्चात स्नान दान पूजा पाठ स्वाध्याय आदि कार्य 15 जनवरी सोमवार को संपन्न करें और इसी दिन मकर संक्रांति का पावन पर्व मनाया जाए

**पंडित गोपाल पंचारिया, भागवत नगर मंदसौर**

# सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे-शर्मा

**कुचड़ोद, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कोई भी योजना से व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए। शासन की सभी योजनाओं का लाभ भारत के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जो वंचित रहे उनके लिए भारत सरकार द्वारा संकल्प यात्रा निकालकर योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गांव गरीब किसान की चिंता की किसानों को सम्मान निधि दी। हर गरीब को इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड जारी किया। जिसमें 5 लाख तक का मुफ्त इलाज हो रहा। उज्जवला कनेक्शन दिए। यह बात मंदसौर जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत निपानिया अफजलपुर मैं कहीं।



विकसित भारत संकल्प यात्रा मैं सर्वप्रथम अतिथियों ने सरस्वती माता की पूजन, कन्या पुजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के पश्चात शिविर में आए अतिथियों का ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि बापू लाल डांगी, सहित उपसरपंच,पंच, नगर अध्यक्ष, एवम् ग्रामवासियों ने पुष्पमाला से स्वागत किया। संकल्प यात्रा में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने अपने अपने विभाग संबंधित योजनाओ की जानकारी दी। संकल्प यात्रा में बीपीएल राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सम्मान निधि, नामांतरण, बटवारा, पेंशन के लिए ग्रामीणों ने आवेदन दिए। ग्रामीणों ने शिविर में गांव से गुजर रहा राती खेड़ी गुलियाना सड़क के साइड में नालियां नहीं बनने से, सडक पर कीचड फैल रहा। गंदा पानी सडक पर जमा हो रहा। जिसको लेकर अवगत कराया। जनपद अध्यक्ष ने पीडब्ल्यूडी विभाग को अवगत कराने एवं निराकरण कराने की बात कही। शासकीय प्राथमिक विद्यालय, व शासकीय माध्यमिक विद्यालय निपानिया अफजलपुर की छात्राओं ने देश भक्ति गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। रेणू डांगी कक्षा 6 ने 'योद्धा बन गई में' एवं आरती डांगी कक्षा 6 ने 'ईट हैपेंड ओनली इन इंडिया' की शानदार प्रस्तुति पर अतिथियों ने प्रशंसा करते हुए, 1100, 1100 पुरस्कार दिए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा को अतिथियों ने संबोधित करते हुए शासन की समस्त योजना पर विस्तार से संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास है। जो किसी कारणवश शासन प्रशासन की योजनाओं से वंचित रहा हैं उन्हें भी लाभ दिया जाएगा। कई ग्रामीणों ने अन्य योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिए। शिविर में सभी विभागों के स्टाल लगे थे। जहां ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्या का समाधान करने के लिए व अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन दिए गए। शिविर में स्वीकृति प्रमाण पत्र दिए। इस दौरान धुंधडका मंडल महामंत्री व यात्रा प्रभारी देवीलाल सिसोदिया युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष रूघनाथ सिंह चंद्रावत, कुचडोद, गुलियाना सरपंच, उपसरपंच,एवं समस्त विभाग के कर्मचारी व अधिकारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता नगर अध्यक्ष सचिव,सहायक सचिव सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद थे।

## कपड़े खरीदने को लेकर की मारपीट, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। सोनी निवासी लालसिंह पिता नेपालसिंह राजपूत ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गांव का चन्द्रपालसिंह पिता नवलसिंह राजपूत आया और बोला कि तूने मेरे खाते में लिखाकर पिपलियामंडी में दुकान से कपडे क्यों खरीदे, कहते हुए गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।



## बालाजी व्यायामशाला द्वारा रामजी के अयोध्या आगमन की खुशी में सुंदरकांड पाठ सम्पन्न

**मंदसौर, 13 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या में श्री रामलला के आगमन का उत्सव सुंदरकांड पाठ के साथ मनाया गया। बजरंग सत्संग पार्टी द्वारा सुंदरकांड पाठ कर भजनो की प्रस्तुती दी। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त भजनो पर झुमें।

जानकारी के अनुसार हीरा की बगीची व्यायामशालाल अखाड़ा पहलवान द्वारा बताया गया 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला के घर वापसी के उपलक्ष्य में सुंदरकाड पाठ का आयोजन किया गया। और एक दूसरे को बधाई देकर बजरंग सत्संग पार्टी द्वारा श्री रामजी के भजन भी प्रस्तुत किए। जिसमें रामजी के भजनो के साथ सुंदरकांड पश्चात बालाजी को महाप्रसादी को भोग लगाकर महाप्रसादी को भक्तो में वितरण किया गया।

## दो पक्षों में विवाद, 6 पर... पेज 1 से जारी

से हुई थी। वहीं मेरी बहन कविता की शादी दीपसिंह के लड़के सज्ञनसिंह के साथ हुई थी। किन्तु मेरा जीजा सज्ञनसिंह मेरी पत्नी को नही भेज रहा था। इसी बात को लेकर झारडा बुलाया था, जहां दीपसिंह बंजारा, सज्ञनसिंह गरासिया, जितेन्द्र कछावा ने मिलकर गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

### ✻✻✻ नाम परिवर्तन सूचना ✻✻✻

मै vibuddh katariya निवासी HDX-42 kityani मंदसौर म.प्र. का होकर आज दिनांक से अपना नाम परिवर्तन कर vibuddh kataria रख रहा हूँ । अतः सर्वसाधारण को सुचित करता हूं कि आज दिनांक से मुझे मेरे नए नाम vibuddh kataria से जाना जाएगा।

✻✻✻✻✻✻ भवदीय ✻✻✻✻✻✻

Vibuddh kataria

निवासी HDX-42 kityani मंदसौर म.प्र

### कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक क्यू मंदसौर, दिनांक 13.01.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 सीसी 9230 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में पंकजकुमार जैन पिता बाबूलालजी निवासी कुचड़ोद, तहसील मंदसौर, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती सरोज जैन पति पंकजकुमार जैन, निवासी कुचड़ोद, तहसील मंदसौर, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

### ✻ पुष्पांजलि ✻

हमारी पूज्य माताजी व स्वदीपसिंह, नवदीप सिंह, हर्षदीप सिंह, अभिनव सिंह की दादीजी एवं संयम की नानीजी श्रीमती सुमित्रासिंह धर्मपत्नी (स्व.इंद्रजीतसिंह सब इंजीनियर सिंचाई विभाग) का देवलोक गमन दिनांक 12 जनवरी 2024 शुक्रवार को हो गया है। पुष्पांजलि कार्यक्रम आज 14 जनवरी 2024, रविवार को दोप. 1.30 बजे निज निवास स्थान 17/03 करनी स्कूल के सामने शिव मंदिर के पास वाली गली पर रखा गया है।



**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**

**जगदीपसिंह राजपूत प्रदेश महामंत्री म.प्र. कांग्रेस सेवादल, संदीपसिंह राजपूत एचएन बिल्डर्स, रतनदीपसिंह राजपूत एडवोकेट, एवं राजपूत परिवार मंदसौर**


लायन्स क्लब, मन्दसौर PEH

एवं

जिला अंधत्व निवारण समिति मन्दसौर (म. प्र. शासन स्वास्थ्य विभाग) के सहयोग से

विशाल निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर

15 जनवरी से 26 जनवरी 2024 तक

रजिस्ट्रेशन समय प्रतिदिन

प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक

स्थान

परफेक्ट आई हॉस्पिटल

दशपुर कुंज के पास नई आबादी रोड न. 02,मंदसौर

फोन न. 07422-404532,356545

नोट - ऑपरेशन के बाद मरीजो को दवाइयाँ और काला चश्मा नि:शुल्क प्रदान किये जायेंगे

अध्यक्ष ला. डॉ. मज़हर हुसैन | प्रोजेक्ट चेयरमेन ला. CA विकास भण्डारी | सचिव ला. प्रेम पाटीदार


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in